तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 14 मार्च 2026

11 ईद के लिए सेवई से महका बाजार, ग्राहकों की भीड़



12 ढोल-नगाड़े के साथ बैलगाड़ियों में निकली बारात...





**ख़बर संक्षेप**

### जर्जर जिड़ार रोड़ के गड्ढे में कार घुसी



**मैनपुर।** मैनपुर जिड़ार मार्ग मे लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क मरम्मत कार्य किया गया है लेकिन मैनपुर पुल के पास गड्ढे को नही भरा गया है लगभग 5–6 फीट गहरे गड्ढे मे लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है फिर आज शुक्रवार शाम को एक कार गड्ढे मे घुस गया जिससे कार मे सवार लोग बालबाल बचे मैनपुर नगर के लोगो ने इस गड्ढे के मरम्मत की मांग की है।

### देवरी में आज से राज्य स्तरीय मानस गान

कोपरा। क्षेत्र के ग्राम देवरी में आज से छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय श्री राम चरित्र मानस गान सम्मेलन समारोह का आयोजन शुरू होगा जिस्म अलग-अलग राज्यों से मंडली पहुंचेंगे और श्रोताओं को ज्ञान गंगा में डुबकी लगाएंगे कार्यक्रम शनिवार से तीन दिवसीय होगा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूपेश साहू सरपंच ग्राम रोहिणा रहेंगे. ग्राम वासियों ने बड़ी से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को ज्ञान गंगा में डुबकी लगाने आने की अपील की है कार्यक्रम दखणीपारा मे होगा।

**पलायन : गांव हुआ खाली, घरों में लटक रहे ताले**

# रोजगार के अभाव में अमली से ग्रामीणों का आंध्र पलायन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

**एक दर्जन से ज्यादा ग्रामीणों का प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत, निर्माण कार्य की राशि निकाल कर ले गए**

**अलग ख़बर**

- विशेष पिछड़ी कमार भुंजिया जनजाति के ग्रामीणों के कूच से मचा हड़कंप

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल में बसे अमली एवं ताराझर जैसे ग्रामों से फिर एक बार ग्रामीणों द्वारा रोजगार के अभाव में पलायन कर कामकाज की तलाश में आंध्र प्रदेश तेलंगाना चले गए है। ग्रामीणों के जाने से गांव में सन्नाटा पसरने के साथ ही घरों में ताला लटके होने की जानकारी लगते ही स्थानीय प्रशासन स्तर में हड़कंप देखने को मिल रहा है। एक तरफ राज्य सरकार द्वारा पर्याप्त रोजगार उपलब्ध कराने का दावा किया जा रहा है तो दूसरी ओर ग्रामीणों द्वारा अपने छोटे –छोटे बच्चों को साथ में लेकर पलायन जारी है।

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 40 किमी दूर ग्राम पंचायत इंदागांव के आश्रित ग्राम अमली पहाड़ी के ऊपर बसा हुआ है। ग्राम से विशेष पिछड़ी जनजाति आदिवासी कमार भुंजिया जनजाति 15 परिवार के 40 सदस्य अपने घरों में ताला जड़कर आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाना रोजगार की तलाश मे पलायन कर गए हैं। पलायन करने वाले ये सभी विशेष पिछड़ी जनजाति के साथ राष्ट्रपति के दस्तक पुत्र भुजिया कमार जनजाति से है। ग्राम अमली के घरों के सामने ताला लगाकर और कई घरों के दरवाजों को ईट से बंदकर ग्रामीण बाल बच्चों के साथ पलायन किये हैं। इस संबंध मे ग्रामीणो से चर्चा करने पर बताया कि यहां के ग्रामीण तीन माह पहले ही पलायन कर गये हैं। जनपद पंचायत द्वारा अभी दो सप्ताह से एक तालाब डबरी निर्माण करवा कर रोजगार देने की बात कही जा रही है। ग्रामीणों ने बताया यहां के लोग लंबे समय से रोजगार की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों के सामने जीवनयापन करने के लिए रोजगार का कोई साधन नहीं है, जिसके कारण मजबूरन अपने प्रदेश को छोड़कर आंध्रप्रदेश पलायन करने मजबूर हो रहे है। इसी तरह ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीघाट के आश्रित ग्राम बेसराझर, ताराझर, कुरवापानी, मटाल व अन्य ग्रामों से भी बड़ी संख्या मे ग्रामीण पलायन कर आंध्रप्रदेश जाने की जानकारी आ रही है। ग्राम अमली के ग्रामीण मनसाय नेताम, घनश्याम नेताम, उकियाबति ने बताया कि हमारे इस गांव मे पहुंचने के लिए न तो सड़क है और न ही बिजली की सुविधा है ग्रामीणो को राशन चांवल दाल लेने के लिए 15 किमी दूर जाना पड़ता है। स्वास्थ्य की कोई सुविधा नहीं है। यहां के ग्रामीण बांस बर्तन बनाकर जीविका उपार्जन करते है जिसके कारण समय पर रोजगार नहीं मिलने से ग्रामीण पलायन करने मजबूर हुए है। ऐसे में सरकार व प्रशासन के द्वारा गांव में रोजगार मूलक काम चलाने का दावा यहां पर फेल साबित होती दिख रही है।







### डबरी निर्माण का कार्य चल रहा

ग्राम पंचायत के सचिव परमेश्वर शेट्टी ने बताया ग्राम अमली में रोजगार गारंटी योजना के तहत डबरी निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया अमली के ग्रामीण जयलाल, धनसिंग, मनोहर, साधुराम, गजमन, मंगल, उजल, तिलक 9 लोगो का प्रधानमंत्री आवास भी स्वीकृत है। उनके द्वारा राशि आहरण भी किया जा चुका है इस पूरे मामले से मैनपुर जनपद पंचायत को अवगत कराया जा चुका है।

### हर साल करते हैं पलायन

जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी एस नागवंशी ने बताया ग्राम अमली से ग्रामीण पलायन किया है। जिसकी जानकारी जिला अधिकारियों को दी चुकी है। गांव मे रोजगार मूलक कार्य भी चल रहा है। बावजूद इसके हर साल ग्रामीण यहां से पलायन करते हैं।

# युवक की जंगल में पेड़ पर लटकी मिली लाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला/मुड़ागांव(कोरासी)

ग्राम टोनहीडबरी के जंगल में एक युवक की पेड़ से फंदे पर लटकती लाश मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। गुरुवार सुबह जब ग्रामीण जंगल की ओर गए तो उन्होंने एक युवक का शव पेड़ पर लटका देखा। इसकी सूचना छुरा पुलिस को दी गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पेड़ से नीचे उतारा। मृतक की पहचान फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम बेलर निवासी 30 वर्षीय रोहित ध्रुव के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि रोहित ध्रुव की पहली पत्नी उसे छोड़कर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई थी। पत्नी के जाने के बाद टूट चुके रोहित ने कुछ समय बाद ग्राम बेलर में दूसरी शादी की, लेकिन किस्मत ने उसका साथ यहां भी नहीं दिया। बताया जाता है कि करीब एक माह पहले ही उसकी दूसरी पत्नी ने भी अपने मायके ग्राम बेलर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। दूसरी पत्नी की मौत के बाद से रोहित गहरे सदमे में चला गया था और अक्सर चुपचाप रहने लगा था। कुछ दिनों से वह अपने रिश्तेदारों के यहां ग्राम टोनहीडबरी में रह रहा था, ▶▶|शेष पेज 10 पर

# मैदान के पास खड़ी कार में लगी आग, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

शहर के गांधी मैदान के पास आधी रात एक खड़ी कार में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही देर में कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घटना शुक्रवार तड़के करीब 1:30 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक हुंडई क्रेटा



कार बीओ ऑफिस के सामने कचरे के ढेर के ▶▶|शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप



### पांचवी कक्षा के छात्रों को दी गई विदाई

**महासमुंद।** पीएमश्री शासकीय बृजराज प्राथ. शाला में पांचवी के बच्चों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। सबसे पहले बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया और चॉकलेट से मुंह मीठा कराया गया। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें क्लास चौथी के बच्चों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। साथ ही साथ कक्षा पांचवी के बच्चों का विभिन्न प्रकार से खेलकूद का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम एवं द्वितीय स्थान वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। शाला परिवार की ओर से आंशिक नेवता भोज का आयोजन किया गया। पांचवीं के बच्चों द्वारा शाला परिवार को दीवार घड़ी प्रदान किया गया।

### खाद्य विभाग में विधायक प्रतिनिधि बने महोबिया

**महासमुंद।** खाद्य विभाग में धर्मेंद्र



महोबिया विधायक प्रतिनिधि होंगे। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने उन्हें इस संबंध में नियुक्ति पत्र जारी किया है। महोबिया वर्तमान में जिला सहसंयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आर्थिक प्रकोष्ठ, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद का दायित्व निभा रहे हैं। पूर्व में वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद और विद्या भारती में महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलता पूर्वज निर्वहन कर चुके हैं। हिंदूवादी भाजपा नेता धर्मेंद्र महोबिया ने नियुक्ति के लिए विधायक का आभार माना है।

### बेमचा में चैत्र नवरात्र पर होगा अनुष्ठान

**महासमुंद।** गायत्री प्रज्ञा पीठ बेमचा में 19 मार्च गुरुवार से चैत्र नवरात्रि अनुष्ठान हो रहा है। जिसमे सूर्योदय से सूर्यास्त तक गायत्री महामंत्र का जाप, मंत्र लेखन, गायत्री चालीसा पाठ किया जाएगा। परम वंदनीया माता के जन्म शताब्दी वर्ष एवं धृत अखंड ज्योति के शताब्दी वर्ष की इस अभूतपूर्व साधना अनुष्ठान में भाग लेने के लिए सभी आमंत्रित है। 19 मार्च 2026, गुरुवारको प्रातः 5 बजे अखंड ज्योति प्रज्जवलन एवं कलश स्थापना, प्रातः 6 बजे से शाम प्रातः 6 बजे तक अखंड जप साधना, सुबह शाम मंगल आरती होगी। 26 मार्च 2026, गुरुवार अनुष्ठान की पूर्णाहुति होगी।

### जिला स्तरीय किसान मेला एवं तिलहन महोत्सव आज बसना में

**महासमुंद।** नेशनल मिशन ऑन इडिबल ऑयल-ऑयल सीड योजना के अंतर्गत बसना विकासखण्ड के ग्राम मिलाराबाद मैदान में शनिवार 14 मार्च को जिला स्तरीय किसान मेला एवं तिलहन महोत्सव, कृषि मेला सह कृषक-वैज्ञानिक परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सांसद लोकसभा महासमुंद रूपकुमारी चौधरी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक, जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।



# अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान ने फिर पकड़ी रफ्तार; श्मशान घाट क्षेत्र में सौंदर्यीकरण कार्य प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वाध्याय केंद्र समिति द्वारा सितली नाला के कायाकल्प और सौंदर्यीकरण के लिए संचालित अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान एक बार फिर प्रारंभ हो गया है। जलभराव और होली त्यौहार के कारण आए अस्थायी ठहराव के बाद 12 मार्च से श्मशान घाट क्षेत्र में चल रहे कार्यों को दोबारा गति दी गई है। विगत कुछ समय से कार्य क्षेत्र में जलभराव और त्योहारों की व्यस्तता के चलते चैन माउंटेन मशीन के संचालन में कठिनाई आ रही थी, जिसके कारण कार्यों की गति धीमी पड़ गई थी। समिति ने निर्णय लिया था कि पानी सूखने और त्योहार संपन्न होने के तुरंत बाद कार्य को युद्ध स्तर पर शुरू किया जाएगा। स्वाध्याय केंद्र समिति के सचिव मोहन साहू ने बताया कि पानी सूखने का इंतजार अब समाप्त हो चुका है। आज से चेन माउंटेन मशीन को पुनः कार्य पर लगाया गया है।

और कहा कि हमारा लक्ष्य रुके हुए कार्यों को तय समय सीमा के भीतर पूरा करना है। ताकि, नाले के स्वरूप में सुधार और क्षेत्र का सौंदर्यीकरण जल्द से जल्द पूर्ण हो सके। सितली नाला में हो रहे इस निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य से स्थानीय नागरिकों को भविष्य में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। समिति ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के बाद बिना किसी विलंब के जनहित के इस पुनीत अभियान को पूर्ण पारदर्शिता और गति के साथ संपन्न करना उनकी प्राथमिकता है। अभियान के पुनः प्रारंभ होने से नगरवासियों में उत्साह है और इसे सितली नाला के संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

## चर्चा : क्षेत्र के किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से हुई बात

# पिथौरा रेस्ट हाउस में किसान कांग्रेस की हुई बैठक, किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

- नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों और प्रदेश पदाधिकारियों की पहली बैठक, बिजली कटौती समेत कई मुद्दे उठे



जिले के पिथौरा स्थित रेस्ट हाउस में किसान कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें नवनियुक्त किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारियों की प्रथम बैठक हुई। बैठक में क्षेत्र के किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मानिक साहू विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से उठाते हुए कहा कि क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती, सिंचाई की परेशानी और कृषि से जुड़े अन्य मुद्दों को लेकर संगठन सक्रिय रूप से काम करेगा। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं से अवगत कराया और किसानों की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने तथा उनके समाधान के लिए संयुक्त रूप से प्रयास करने की बात कही।

बैठक संभाग प्रभारी दीपक पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष जागेंद्र पांडेय, फनीश दुबे विशेष अतिथि एवं किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानिक साहू की अध्यक्षता में नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों से संगठन को मजबूत करने और किसानों के हित में निरंतर काम करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि किसान कांग्रेस किसानों की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करती रहेगी। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, किसानों की समस्याओं के समाधान और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई।

बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष केशव साव, वीरेंद्र प्रधान, दिनेश कालसा, फारम पटेल, भगत पटेल, शंकर पटेल, दिलीप साहू आदि मौजूद रहे।

## भीषण गर्मी से छात्र- छात्राएं हो रहे परेशान सुबह की पाली में स्कूल लगाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड क्षेत्र में इन दिनों लगातार बढ़ रही गर्मी के चलते स्कूल मे छोटे –छोटे बच्चों का हाल बेहाल है। इस आदिवासी क्षेत्र के अधिकांश स्कूलों में पंखे की व्यवस्था नहीं है। और तो और कई गांवो मे बिजली ही नहीं है। स्कूल सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित किए जा रहे हैं, जिसके कारण छात्र –छात्राएं गर्मी एवं उमस से परेशान हो रहे हैं। शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने मैनपुर क्षेत्र के कई स्कूलों का निरीक्षण किया। स्कूलों में शौचालय एवं मूलभूत समस्याओं से अवगत हुए। कई स्कूलों में बिजली, मूलभूत सुविधाएं शौचालय, मूत्रालय नहीं होने से छात्र –छात्राओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने चर्चा मे बताया मैनपुर क्षेत्र के अधिकांश स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं नही है। जिसके कारण छात्र –छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, इस भीषण गर्मी में छात्र –छात्राओं की समस्याओ को देखते हुए सुबह पाली में स्कूल संचालित किया जाए। वर्तमान मे सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक स्कूल संचालित किया जा रहा है।

## प्रधानपाठकों का बढ़ा वेतन 16 मार्च तक करें जमा करें, नहीं तो बहिष्कार

**मैनपुर।** स्थानीय शिक्षक समिति के पदाधिकारी द्वारा शुक्रवार को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मैनपुर को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें शिक्षक से पदोन्नत उपरांत प्रधानपाठकों का बढ़ा हुआ वेतन याने प्रा.शा. अक्टूबर 23 से नवम्बर 23 एवं मा.शा. नवम्बर 25 से दिसम्बर 25 का एरियर्स की राशि 16 मार्च तक संबंधित प्रधान पाठकों के खाता में जमा करा दें। नहीं तो 17 मार्च से वार्षिक परीक्षा का बहिष्कार करते हुए कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मैनपुर के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा। समिति के प्रतिनिधि मंडल में संरक्षक यशवंत बघेल, अध्यक्ष पारेश्वर पटेल, सचिव प्रदीप कुमार सिन्हा, शेख ईमामुद्दीन, राजेश साहू, नीरज कुमार साहू, लोभान देवदास, नियाजी पटेल, संजय सिन्हा, दीपक चतुर्वेदी, अमर नेताम, दयाराम नागेश, रोहेन्द्र पटेल, प्रदीप निषाद, भुपेन्द्र देवांगन, जबल नेगी,, विनय देवांगन, भागवत प्रसाद साहू,मुकेश ठाकुर, काति सिन्हा, हिरण नागेश, सुरज प्रकाश पात्र आदि शामिल रहे।

# कृषि कॉलेज निर्माण स्थल बदलने पर 15 को नगर बंद की चेतावनी

- 28 लोगों पर की जा रही दंडात्मक कार्यवाही का भी जमकर विरोध

**फिंगेश्वर।** सभी अनुकुल स्थिति एवं लगातार मंत्रियों,विधायक के आश्वासन के बाद भी फिंगेश्वर स्थित कृषि महाविद्यालय के नए बनने वाले भवन,छात्रवास एवं अनुसंधान केन्द्र का निर्माण अन्यत्र प्रारंभ किए जाने से आक्रोशित नगरवासियों एवं क्षेत्रीय ग्रामीणों ने नगर विकास संघर्ष समिति के आव्हान पर रविवार 15 मार्च को काला दिवस बताते हुए फिंगेश्वर नगर बंद का बिगुल बजा दिया है। यहां यह बताना लाजिमी है कि पिछले वर्ष विधानसभा के बजट सत्र में कृषि मंत्री रामविचार नेताम एवं राजिम विधायक रोहित साहू ने स्पष्ट घोषणा की थी कि 14.92 करोड़ की लागत से बनने वाली कृषि कालेज का निर्माण फिंगेश्वर नगर सीमा में ही होगा।सरकार की इस घोषणा नगर सहित आसपास ग्राम्यांचल में काफी हर्ष एवं खुशी की लहर दौड़ गई।नगर विकास सेवा संघर्ष समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता भागवत हरित एवं उपाध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता रामूराम साहू ने बताया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,कृषि मंत्री रामविचार नेताम,जिला प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल, विधानसभा अध्यक्ष डा.रमन सिंह,सांसद बृजमोहन अग्रवाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह,भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय, राजिम विधायक रोहित साहू आदि सभी ने हमें आश्वासन दिया कि विधानसभा में हुई घोषणा के अनुरूप कृषि कालेज का निर्माण फिंगेश्वर नगर सीमा में ही किया जावेगा। पिछले एक साल से भी ज्यादा समय से सभी जगह से हमें आश्वासन मिला।किंतु अभी गुरूवार 12 मार्च को हमें ज्ञात हुआ कि फिंगेश्वर में बनने वाला कृषि कालेज भवन निर्माण अन्यत्र रविवार 15 मार्च को भूमिपूजन कृषि मंत्री रामविचार नेताम द्वारा किया जा रहा है। इतने लंबे समय से संघर्ष कर रहे फिंगेश्वर वासियों को इसकी कोई जानकारी नहीं है।यह जानकारी मिलते ही पूरे नगर सहित आसपास ग्राम्यांचल में गहरा रोष है।कल जब से जानकारी मिली है नगर में बैठकों का दौर चल रहा है। श्री हरित एवं श्री साहू ने बताया कि सरकार के इस धोखाधड़ी एवं दोगलेपन से व्यथित जनमानस ने 15 मार्च साप्ताहिक बाजार जैसे महत्वपूर्ण दिवस को काला दिवस बताते हुए इस दिन नगर बंद कर काली पटटी लगाकर विरोध प्रदर्शन का निर्णय लिया है। 15 मार्च रविवार को संपूर्ण नगर बंद रख नागरिक काली पट्टी बांधकर रानी श्यामकुमारी देवी चौक में मौन रहकर प्रदर्शन करेंगे।नगर के व्यापारी संघ,किसान समिति,वरिष्ठ नागरिकों, महिला संगठन, युवा वर्ग ने इस बंद को समर्थन दिया है।नगर विकास सेवा, संघर्ष समिति ने जन सामान्य को होने वाली असुविधा पर खेद व्यक्त किया है। इस मामलें में गत 2 जनवरी को शांतिपूर्वक नगर बंद एवं चक्काजाम आंदोलन में नगर के 28 लोगों पर की जा रही दंडात्मक कार्यवाही का भी जमकर विरोध करते हुए शुक्रवार 13 मार्च के नामांकित 28 लोगों के साथ नगर विकास सेवा संघर्ष समिति के पदाधिकारी राजिम न्यायालय गए हैं।



## नवयुगल को पूर्व मंत्री अमितेश ने दिया आशीर्वाद

**कोपरा।** कांग्रेस के दिग्गज नेता प्रथम पंचायत मंत्री, पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल शुक्रवार को क्षेत्र के ग्राम लोहरसी निवासी डाकवत यादव के पुत्रों को नव दांपत्य सूत्र में बंधने पर आशीर्वाद दिया। श्री शुक्ल ने कहा कि लोहरसी मेरा अपना घर है। यहां की जनता और लोगों ने मुझे बहुत प्यार दिया है। ऐसे में डाकवत यादव जो निरंतर हमारे संघर्षों के समय में खड़े रहे हैं। उनके पुत्र टीकम, दुर्गेश और दोनों बहुओं को नवजीवन की बधाई। इस दौरान रुपेश साहू सरपंच ग्राम पंचायत रोहिना, डाकवत यादव उपस्थित रहे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में गहराता पेयजल संकट, टंकियां बनी शोपीस : मोती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)



गर्मी बढ़ने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराने लगा है। इस संबंध में कांग्रेसी मोती जांगड़े ने कहा कि क्षेत्र के कई गांवों में तालाब, नदी और नाले सूखने लगे हैं, जिससे निस्तारी और पेयजल की समस्या गंभीर होती जा रही है। गांवों में लोगों की प्यास बुझाने वाले हैंडपंप भी अब जवाब देने लगे हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में जलस्तर 300 से 400 फीट तक नीचे चला गया है। इतनी गहराई से पानी निकालना हैंडपंपों के लिए संभव नहीं रह गया है। पानी की तलाश में लोग लगातार नए नलकूप खुदवा रहे हैं, जिससे धरती का सीना छलनी हो चुका है। जांगड़े ने कहा कि गर्मी का अधिकांश समय अभी बाकी है। यदि समय रहते जल संकट पर काबू नहीं पाया गया तो आने वाले दिनों में स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है।

उन्होंने कहा कि जिस तेजी से भूमिगत जल का दोहन हो रहा है, उसके मुकाबले जल संचय नहीं हो पा रहा है। भूजल का पुनर्भरण कई वर्षों में होता है, जबकि उसका उपयोग कुछ ही घंटों में कर लिया जाता है। ऐसे में भूजल स्तर बढ़ाने के लिए निजी मकानों के साथ-साथ शासकीय भवनों में भी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना जरूरी है। उन्होंने सुझाव दिया कि बंद पड़े नलकूपों का उपयोग वाटर हार्वेस्टिंग के लिए किया जा सकता है।

## आईएनएच एवं हरिभूमि पत्र समूह के जिला संवाद कार्यक्रम में किया सम्मानित

# लाशों की चीरफाड़ से नहीं डरती सरस्वती साहसिक कार्य के लिए हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



आमतौर पर पोस्टमार्टम जैसे कठिन और संवेदनशील कार्य से लोग दूरी बनाते हैं। लेकिन नगर की सरस्वती साहनी ने इसे अपने कर्तव्य के रूप में अपनाकर समाज के लिए एक मिसाल पेश की है। जिले में स्थिति यह है कि कई बार उनके बिना पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू ही नहीं हो पाती। डॉक्टरों और अस्पताल स्टाफ को भी सरस्वती शाहनी के पहुंचने का इंतजार करना पड़ता है, क्योंकि वही लाश की चीरफाड़ कर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में सहयोग करती हैं। उनके इस दुस्साहस, सेवा और कार्यनिष्ठा को देखते हुए आईएनएच एवं हरिभूमि पत्र समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने जिला संवाद कार्यक्रम के दौरान उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया। कार्यक्रम में उन्हें मंच पर बुलाकर स्मृति चिन्ह और सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान मिलने के बाद सरस्वती साहनी ने कहा कि वे वर्षों से यह काम कर रही हैं। इसे समाज सेवा के रूप में देखती हैं। उनका कहना है कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया न्यायिक और कानूनी व्यवस्था के लिए बहुत महत्वपूर्ण होती है, इसलिए वे अपने कर्तव्य को पूरी निष्ठा से निभाती हैं। उनके सम्मानित होने पर साहनी समाज सहित शहर के अनेक लोगों ने खुशी जताई और इसे मेहनतकश तथा साहसी महिलाओं के सम्मान के रूप में देखा। समाज के लोगों ने कहा कि सरस्वती शाहनी का कार्य बेहद कठिन है, लेकिन वे बिना डर के इसे निभा रही हैं, जो सचमुच सराहनीय है। लोगों ने डॉ. हिमांशु द्विवेदी का भी आभार जताया कि उन्होंने समाज के ऐसे अनदेखे और अनसुने काम करने वाले लोगों को मंच देकर सम्मानित किया। उनका कहना है कि इससे समाज में काम करने वाले ऐसे लोगों को नई पहचान और प्रेरणा मिलती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सरस्वती साहनी का यह साहसिक कार्य न केवल राजीम बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है, और उनका सम्मान समाज में सेवा और समर्पण के महत्व को भी दर्शाता है।

# प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक की पदोन्नति की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला इकाई ने जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे से मुलाकात कर प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक की पदोन्नति सहित पांच बिन्दुओं का मांग पत्र सौंपकर रायपुर संभाग के सभी जिला में पदोन्नति सूची जारी हो गई है।

जिले का भी पदोन्नति आदेश शीघ्र जारी करने एवं नहीं हुआ तो सभी ब्लॉक अध्यक्ष से प्राप्त प्रस्ताव अनुरूप जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज बक्श, जिला सचिव विनय कुमार यादव, ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश बघेल, सचिव लव कुमार निर्मलकर, कोषाध्यक्ष आत्माराम साहू, भूपेंद्र दीवान, विष्णु जागृति सहित फेडरेशन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद थे।

जिलाध्यक्ष चंद्राकर ने बताया कि महासमुंद जिला में प्राथमिक शाला के लगभग 70 से अधिक पद रिक्त है। प्रदेश के बहुत से जिला एवं रायपुर संभाग के महासमुंद को छोड़कर सभी जिला में पदोन्नति हो गई है, इसे ध्यान में रखते हुए सभी रिक्त पदों पर तत्काल पदोन्नति करने की मांग की गई है। इस मांग पर जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रतिनिधि मंडल को जानकारी देते हुए बताया कि पदोन्नति की प्रकिया जारी है। जल्द डीपीसी कराकर एक सप्ताह के भीतर काउंसलिंग की प्रकिया के साथ प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति आदेश जारी कर दिया जायेगा। इसके अलावा सत्र 2024-25 का परीक्षा अनुमति आदेश के संबंध में भी जल्द अनुमति आदेश जारी करने, कुछ सहायक शिक्षको का संविलियन आदेश अब तक जारी नहीं हुआ है के सन्दर्भ में जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस प्रकिया को उच्च स्तर पर मार्गदर्शन लेकर तत्काल आदेश जारी करवाने का प्रक्रिया जारी है। चंद्राकर ने मांग पर चर्चा करते हुए कहा कि कलेक्टर के आदेश पर विगत अगस्त माह में बनी जांच समिति द्वारा 15 दिवस के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट और कार्रवाई का आदेश में उल्लेख है उस पर क्या कार्रवाई हुई इस विषय पर जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि जांच समिति के पदाधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश जारी किया जाएगा। आगे भीषण गर्मी के चलते शाला समय प्रातः काल में किए जाने की मांग की भी चर्चा की गई।

जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर और प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज बक्श ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने सभी बिंदुओं पर जिला शिक्षा अधिकारी से विस्तृत चर्चा की तथा सभी मांगों पर त्वरित कार्रवाई करने का भरोसा जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा दिलाया गया है। 25 मार्च तक अगर सहायक शिक्षकों की प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति आदेश जारी नहीं होने एवं सभी बिंदुओं पर कार्रवाई नहीं होता है तो 26 मार्च 2026 को फेडरेशन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया जायेगा। चर्चा में प्रमुख रूप से जिला सचिव विनय कुमार यादव, बागबाहरा ब्लाक अध्यक्ष प्रकाश बघेल, ब्लाक कोषाध्यक्ष आत्माराम साहू आदि मौजूद रहे।

पेज 9 के शेष...

### युवक की जंगल...

परिजनों के मुताबिक बुधवार की रात वह बिना किसी को बताए घर से निकल गया था। परिवार वालों को लगा कि वह आसपास ही कहीं गया होगा, लेकिन गुरुवार सुबह उसकी लाश जंगल में पेड़ से फंदे पर लटकती मिली। घटना की खबर फैलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए।

**पुलिस ने शुरू की जांच-**

पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों और ग्रामीणों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं। हालांकि अभी तक पुलिस अधिकारियों की ओर से इस मामले में कोई अधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

### मैदान के पास खड़ी...

पास खड़ी थी। देर रात अचानक कार में आग लग गई। देखते ही देखते लपटें तेज हो गईं और आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया, जिससे आसपास खड़े अन्य वाहनों और इलाके को नुकसान होने से बचाया जा सका। इधर सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी, कचरे से फैली या फिर इसके पीछे कोई अन्य कारण है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस कार मालिक की जानकारी जुटाने और आग लगने के असली कारण का पता लगाने में लगी हुई है।

**मौसम :** संकलन करने वालों से सावधानी बरतने की अपील

# मैनपुर में महुआ संग्रहण कार्य तेज, बढ़ा लू का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

नगर सहित पूरे क्षेत्र में इन दिनों महुआ संग्रहण का कार्य तेजगति से किया जा रहा है। सुबह से ग्रामीण छोटे –छोटे बच्चो के साथ महुआ संग्रहण के लिए निकल रहे हैं। वही दूसरी ओर महुआ संग्रहण करने वालों से सावधानी बरतने की अपील किया गया है। मौसम में लगातार परिवर्तन के बाद अब तेज धूप और गर्मी की शुरुआत हो गई है, जिससे लू लगने की आशंका बढ़ गई है।

वर्तमान समय में ग्रामीण क्षेत्रों के लोग जंगलों में महुआ संकलन का कार्य बड़े पैमाने पर कर रहे हैं, लेकिन पर्याप्त मात्र में पानी और पेय पदार्थ साथ में नहीं ले जाने के कारण कई लोग निर्जलीकरण का शिकार भी हो जाते हैं। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.एस. नवरत्न ने जिला अस्पताल सहित सभी सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों के संस्था प्रभारियों को लू से बचाव और उपचार के लिए पर्याप्त मात्र में आवश्यक जीवनरक्षक दवाइयों और ओआरएस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मैदानी स्वास्थ्य अमले और मितानिनों के माध्यम से लू लगने के कारणों और उससे बचाव के उपायों के संबंध में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरुकता और व्यापक प्रचार–प्रसार करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि लू लगना खतरनाक और कई बार जानलेवा भी साबित हो सकता है, इसलिए समय रहते सावधानी बरतना जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार लू के सामान्य लक्षणों में सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर आना और उल्टी होना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीना न आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना तथा गंभीर स्थिति में बेहोश होना शामिल है। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत सावधानी बरतना और चिकित्सकीय सलाह लेना आवश्यक है।

**आवश्यक होने पर ही घर से निकले-** लू से बचाव के लिए लोगों को सलाह दी गई है कि अत्यंत आवश्यक न होने पर तेज धूप में घर से बाहर न निकलें। यदि बाहर जाना जरूरी हो तो सिर और कान को कपड़े से ढककर निकलें और पर्याप्त मात्र में पानी पिएं। अधिक समय तक धूप में रहने से बचें और गर्मी के मौसम में नरम व सूती कपड़े पहनें ताकि शरीर को ठंडक मिल सके। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल का सेवन करना चाहिए। यदि किसी व्यक्ति को चक्कर या मितली महसूस हो तो उसे छायादार स्थान पर आराम करवाना चाहिए और ठंडा पेयजल, फल का रस, लस्सी या मठा आदि दिया जा सकता है। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श भी लिया जा सकता है। उल्टी, सिरदर्द या तेज बुखार की स्थिति में निकटतम अस्पताल या स्वास्थ्य केन्द्र में तुरंत संपर्क करने की सलाह दी गई है।

**लू लगने पर अस्पताल ले जाएं-** स्वास्थ्य विभाग ने यह भी बताया कि यदि किसी व्यक्ति को लू लग जाए तो प्रारंभिक उपचार के रूप में उसके सिर पर ठंडे पानी की पट्टी रखनी चाहिए और अधिक मात्र में पानी तथा पेय पदार्थ जैसे कच्चे आम का पन्ना या जलजीरा आदि पिलाना चाहिए। पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लिटाकर शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर मितानिन या एएनएम से ओआरएस का पैकेट लेकर दिया जा सकता है। मरीज को जल्द से जल्द किसी नजदीकी चिकित्सक या अस्पताल में इलाज के लिए ले जाना चाहिए।

## योग कक्षा में बताए गर्मी से बचने के सरल उपाय, योगाचार्य मिथिलेश ने कहा- पानी ज्यादा पीएं



**छुरा।** बढ़ती गर्मी और तेज धूप से लोगों को कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में लोगों को स्वस्थ और सुरक्षित रहने के लिए योगाचार्य मिथिलेश सिन्हा ने कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। गायत्री मंदिर में नियमित योग कक्षा के दौरान उन्होंने उपस्थित साधकों को ग्रीष्म ऋतु में शरीर को स्वस्थ रखने और लू से बचाव के उपाय बताए। शरीर को स्वस्थ, बलशाली और सुडौल बनाये रखने के लिए स्निग्धता और सौम्यता की आवश्यकता होती है। क्योंकि इस ऋतु में शरीर भी वनस्पतियों की तरह सूखने लगता है। शरीर के रस, रक्त आदि सातों धातु क्षीण होने लगते हैं। अतः दुर्बलता आ जाती है। पसीना अधिक मात्रा में आता है। प्यास अधिक लगती है। बहुत अधिक जल पीने से आँतों में पाया जाने वाला अम्ल जल में घुल कर कम हो जाता है। इससे जीवाणुओं का संक्रमण शीघ्र होता है और वमन , अतिसार तथा पेचिश आदि रोगों का आक्रमण होने की सम्भावना रहती है। शरीर में पित्त दोष का प्रकोप होने से अत्यधिक प्यास, ज्वर, जलन, रक्तपित्त, चक्कर, सिर दर्द आदि रोग भी हो सकते हैं।

ग्रीष्म ऋतु में हल्का, चिकना, मधुर रस युक्त, सुपाच्य, शीतल और तरल पदार्थों का सेवन अधिक मात्रा में करना चाहिए। जल को उबालकर घड़े या फ्रिज में ठण्डा करके पीना चाहिए। चीनी, घी, दूध व मट्ठे का सेवन करना चाहिए। दही में थोड़ा पानी मिलाकर बनाये गये मट्ठे में शक्कर डालकर पीना उपयोगी है। इसमें पिसा जीरा व थोड़ा नमक मिलाकर सेवन करना भी लाभकारी होता है। इसे केवल प्रातः और दोपहर के भोजन के साथ लिया जा सकता है, रात में नहीं।

पुराने जौ, सब्जियों में चौलाई, करेला, बथुआ,परवल, पके टमाटर, छिल्के सहित आलू, कच्चे केले की सब्जी, सहजन की फली, प्याज, सफेद पेठा, पुदीना, नींबू आदि, दालों में छिल्का रहित मूँग, अरहर और मसूर की दाल, फलों में- तरबूज, मीठा खरबूजा, मीठा आम, सन्तरा और अंगूर, हरी पतली ककड़ी, शहतूत, अनार, आँवले का मुरब्बा, सूखे मेवों में- किशमिश, मुनक्का, चिरौंजी, अंजीर, बादाम (भिगोए हुए) आदि पथ्य होते हैं।तरल पदार्थों में- नींबू की मीठी शिकंजी, कच्चे आम का पना, शर्बत, मीठे दही की लस्सी, बेल का शर्बत, मीठा पतला सत्तू, ठण्डाई, चन्दन, खसखस, गुलाब का शर्बत, गन्ने, सेब और मीठे सन्तरे का रस, पाटला के फूलों से सुगन्धित और कपूर से ठण्डा किया जल, नारियल का पानी, मिश्री व घी मिला दूध, भैंस का दूध, रायता, चन्द्रमा की किरणों में ठण्डा किया जल जैसे पदार्थ लाभकारी हैं। अरहर की दाल खुश्क होती है। फ्रिज में देर तक रखे खाद्य पदार्थ का सेवन करना हानिकारक होता है। फ्रिज की अपेक्षा घड़े या सुराही में ठण्डा किया हुआ जल पीना चाहिए। की ग्रीष्म ऋतु में उष्ण प्रकृति के, खट्टे फल अमचूर, इमली आदि, कटु चरपरे, लवण, रूखे और कसैले पदार्थों का सेवन कम से कम मात्रा में करना चाहिए। भारी, तले हुए, तेज मिर्च-मसालेदार, बासी, लाल मिर्च वाले पदार्थों, उड़द की दाल, लहसुन, सरसों, खट्टी दही, शहद, बैंगन, बर्फ आदि का सेवन बिल्कुल नहीं करना चाहिए। बाजार में बिकने वाली चाट-चटनी आदि खट्टे पदार्थ, खोये के व्यंजन और उड़द की पिट्ठी से बने पदार्थ भी हानिकारक होते हैं। एक बार में अधिक मात्रा में जल नहीं पीना चाहिए, इससे पाचक-अग्नि दुर्बल होती है। कुछ-कुछ समय बाद एक-एक गिलास करके जल पीना लाभकारी है। विरुद्ध आहार का सेवन नहीं करना चाहिए। एक दम ठण्डे वातावरण से निकल कर धूप में जाना और धूप से आ कर एकदम पानी नहीं पीना चाहिए। थोड़ा रुक कर पसीना सूख जाने के बाद और शरीर का तापमान सामान्य होने पर ही जल आदि पीना चाहिए। फ्रिज के पानी में सादा पानी मिला लेना चाहिए। मद्य-पदार्थों का सेवन तो इस ऋतु में बिल्कुल नहीं करना चाहिए। जो इनके बिना नहीं रह सकते, उन्हें इनमें पर्याप्त मात्रा में जल मिला लेना चाहिए।

योगाचार्य मिथलेश सिन्हा द्वारा गर्मी से बचने के लिए योग में कुछ विशेष प्राणायाम बताए गए हैं, जो शरीर को ठंडक देते हैं, पित्त दोष को शांत करते हैं और शरीर का तापमान संतुलित रखते हैं।

**इन प्राणायामों को करें-** इसके लिए प्रमुख प्राणायामों शीतली प्राणायाम, शीतकारी प्राणायाम, चंद्रभेदी प्राणायाम एवं सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास करना चाहिए। भारी भरकम व्यायाम से बचना चाहिए।

## खबर संक्षेप





### कलार समाज का सम्मेलन कल बघेल और रोहित होंगे शामिल

**छुईहा बेलर।** छत्तीसगढ़ कलार समाज परिक्षेत्र फिंगेश्वर का वार्षिक सम्मेलन 15 मार्च को समाजिक भवन फिगेंश्वर में रखा गया है। कलार समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष ओमप्रकाश सिन्हा, सचिव राजकुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष खोमन द्वारा इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने दो बार बैठक रखा गया है। बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम दो सोपान में आयोजित किया जायेगा। प्रथम सोपान दोपहर 12 से 6 बजे तक तथा दुसरा सोपान संध्या 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक आयोजित है। प्रथम सोपान के मुख्यातिथि पुर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल, विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा,प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ला, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गिरिश देवांगन, अध्यक्ष कलार समाज युवराज सिन्हा, जिला कलार समाज अध्यक्ष अवध सिन्हा, परिक्षेत्र अध्यक्ष ओमप्रकाश सिन्हा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा, अध्यक्ष नगर पंचायत राजेन्द्र सर्यवंशी,पुर्व जनपद अध्यक्ष पुष्पा साहू, होगें, अतिथियों द्वारा समाज के इष्टदेव भगवान सहत्राजुर्न,माता बहादुर कलारीन की पुजाकर विशेष आरती करेंगें। मुख्यातिथि अतिथियों के करकमलों से 20 लाख और 6.5 से निर्मित सामुदायिक भवन, का लोकार्पण विरिष्ठ समाजजनों का सम्मान करेंगें। वहीं दूसरे सोपान के मुख्यातिथि राजिम विधायक रोहित साहू, महासमुंद विधायक योगेश्वर सिन्हा, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक रायपुर निरंजन सिन्हा, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र सुर्यवंशी,मनीष हरित किसान मोर्चा,राजु साहू अध्यक्ष महाविद्यालय फिंगेश्वर सहित वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी होंगे।

### आरटीआई प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्य समिति सदस्य बनाए गए खिलेश्वर



**कोपरा।** भारतीय जनता पार्टी सूचना अधिकार प्रकोष्ठ की जंबो टीम की घोषणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव,संगठन मंत्री पवन साय,प्रदेश महामंत्री नवीन मारकंडे द्वारा किया गया। प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन,अखिलेश सोनी,प्रदेश संयोजक सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ संजय कोपुलवार,जिला संगठन प्रभारी गरियाबंद अमित चिमनानी,जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर के अनुशंसा पर राजिम कोपरा क्षेत्र के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ, सहकारिता प्रकोष्ठ कार्य करने के बाद प्रकोष्ठ प्रदेश कार्य समिति सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। खिलेश्वर गोस्वामी को प्रदेश संगठन में स्थान मिलने से राजिम कोपरा क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में हर्ष और उल्लास का माहौल हैं। श्री गोस्वामी ने अपने इस नियुक्ति पर प्रदेश संगठन,जिला संगठन एवम स्थानीय संगठन का आभार व्यक्त किया हैं।

### त्रिदिवसीय श्रीरामचरित मानसगान सम्मेलन होगा जमाही में 14 से

**छुईहा बेलर।** शिवशम्भू महिला समूह जमाही के तत्वावधान में त्रिदिवसीय श्रीरामचरित मानसगान सम्मेलन 14 से 16 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। 14 मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे दीप स्थापना और कलश यात्रा के साथ स्थानीय गणमान्यजनों की उपस्थिति में प्रथम दिवस का शुभारंभ होगा। मंच संचालन आशाकांत रजक करेंगे, जबकि परमेश्वर गंधर्व आयोजन की रूपरेखा साझा करेंगे। 15 मार्च को मुख्य अतिथि प्रवीण साहू अध्यक्ष, जिला साहू समाज होंगे। अध्यक्षता प्रेमीन मिथलेश ध्रुव जनपद सदस्य करेंगी और विशिष्ट अतिथि रामजी सिन्हा सेवानिवृत्त अधिकारी उपस्थित रहेंगे। 16 मार्च को इंद्रजीत महाड़िक जिला पंचायत सदस्य मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता की ज़िम्मेदारी गजेश्वर सिन्हा सरपंच/उपसरपंच, ग्राम पंचायत छुईहा संभालेंगे, विशिष्ट अतिथि डी आर सिन्हा सेवानिवृत्त शिक्षक रहेंगे।

## मैनपुर ब्लॉक के विकास कार्यों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

■ आजीविका डबरी, तालाब गहरीकरण और मत्स्य पालन कार्यों की समीक्षा

गरियाबंद कलेक्टर श्री बीएस उइके एवं जिला पंचायत के सीईओ श्री प्रखर चंद्राकर ने मैनपुर विकासखण्ड के विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम जाड़ापदर के आश्रित ग्राम नउमुड़ा में उमेष नेताम के द्वारा बनाए जा रहे आजिविका डबरी निर्माण के तहत कार्यों का अवलोकन किया। जिसकी कुल लागत लगभग 2 लाख रूपये से कुछ अधिक है। जिसमें उनके द्वारा मछलीपालन, फलदार वृक्षारोपण कराया जाएगा। कलेक्टर श्री उइके ने डबरी निर्माण को अच्छे से करने के निर्देष दिए। इसी तरह नउमुड़ा में मनरेगा के तहत तालाब गहरीकरण के कार्यों का अवलोकन किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि इस तलाब में मनरेगा के श्रमिक कार्य कर रहे है। इस तालाब के पानी का उपयोग निस्तारी के लिए किया जाएगा। कलेक्टर श्री उइके ने मनरेगा श्रमिकों को बारिष से पूर्व तालाब का निर्माण करने के निर्देष दिए। इसी तरह ग्राम हरदीभाठा में मत्स्य विभाग द्वारा अन्नपूर्णा महिला स्व सहायता समूह द्वारा किए जा रहे, मछलीपालन तालाब का अवलोकन किया। महिलाओं ने बताया कि हमारे समूह में 10 महिला सदस्य है। तालाब को 10 साल के लिए लीज में लेकर मत्स्य पालन का कार्य कर रहे है। कलेक्टर ने तालाब में मछलीपालन के साथ-साथ बतख पालन करने के लिए कहा जिससे उनकी आय में और वृद्धि हो सके।

कलेक्टर ने षासकीय आदिवासी बालक आश्रम बड़ेगोबरा का निरीक्षण कर आश्रम की व्यवस्था, विद्यार्थियों के निवास, भोजन, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं अध्ययन की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उनकी षैक्षणिक आवष्यकताओं और समस्याओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने परिसर में स्वच्छ वातावरण बनाए रखने, गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने तथा नियमित निगरानी के निर्देष दिए। उन्होंने अधीक्षकों को विद्यार्थियों की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने कहा। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को षीघ्र सुधारने के निर्देष भी दिए।

## शराब पीकर वाहन चलाने वाले 43 के खिलाफ प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर नशे में वाहन चलाने वाले 43 के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अफसरो का कहना है कि अभियान लगातार चलाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के सख्त निर्देशन में जिलेभर में शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस का विशेष अभियान जारी है। अभियान के तहत अब तक 43 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं और कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में राजिम पुलिस भी पूरी तरह सक्रिय हो गई है। राजिम से होकर गुजरने वाले दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहनों की लगातार जांच की जा रही है। चालकों की जांच ब्रीथ एनालाइजर मशीन के माध्यम से की जा रही है, जिससे यह पता लगाया जा रहा है कि चालक ने शराब का सेवन किया है या नहीं। पुलिस द्वारा राजिम-गरियाबंद मार्ग तथा राजिम-फिंगेश्वर मार्ग पर लगातार वाहन चेकिंग की जा रही है। इस दौरान संदिग्ध वाहनों को रोककर चालकों की जांच की जा रही है और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। टीआई अमृतलाल साहू ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह कोई भी व्यक्ति क्यों न हो। ऐसे चालकों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार गरियाबंद की ओर से आने-जाने वाले वाहनों की भी सघन जांच की जा रही है। वहीं आसपास के थाना क्षेत्रों की पुलिस भी इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रही है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। पुलिस का कहना है कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, और आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे नशे की हालत में वाहन चलाने से बचें तथा यातायात नियमों का पालन करें।

## रंगपंचमी का पर्व हर्षोल्लास और आनंद के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



नगर में रंग पंचमी का पर्व इस वर्ष भी बड़े ही उत्साह, उमंग और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। आदर्श सरस्वती महिला मंडल द्वारा आयोजित होली मिलन एवं रंग पंचमी समारोह में महिलाओं ने पूरे जोश और आनंद के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान फाग गीतों की मधुर धुनों और रंगों की बौछार के बीच वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना रहा।

समारोह में शिव शक्ति महिला मंडल की सदस्याओं को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। आदर्श सरस्वती महिला मंडल की ओर से सभी अतिथि सदस्याओं का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर सभी महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर और फूलों की होली खेलकर रंग पंचमी की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक फाग गीत गाए और उत्साहपूर्वक झूमते हुए हुमके लगाए, जिससे पूरे आयोजन में चार चांद लग गए। रंगों और गीत-संगीत से सजे इस माहौल में सभी ने मिलकर भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। रंग पंचमी कार्यक्रम के दौरान महिला मंडल की सभी बहनों ने उत्साहपूर्वक अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। पूरे आयोजन में आपसी स्नेह, एकता और सांस्कृतिक परंपराओं की सुंदर झलक देखने को मिली। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को रंग पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

इसी अवसर पर आदर्श सरस्वती महिला मंडल के पुनर्गठित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष जयसुधा गुप्ता, उपाध्यक्ष मीरा शर्मा, कोषाध्यक्ष सपना कंसारी, सचिव अनीता सिन्हा, सह-सचिव राधिका यादव तथा संरक्षक हेमीन साहू और कल्याणी चंद्राकर को उनके दायित्वों के लिए शपथ दिलाई गई। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों का फूलों से स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं।

## गौरवपथ निर्माण में 4 माह में ठेकेदार पर 7 लाख का पानी चोरी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




शहर के बीटीआई रोड में निर्माणाधीन गौरव पथ के ठेकेदार द्वारा नगर पालिका के बोर से पानी चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। इस बात की जानकारी मिलते ही पालिका के विपक्षी दल ने मोर्चा खोलते हुए इसकी तस्दीक की तो पता चला उक्त सड़क और नाली निर्माण के ठेकेदार द्वारा बड़े टैंकरों से रोज पानी बिना कोई राशि नगर पालिका में जमा किए पानी की चोरी की जा रही है।

जानकारी पर भलेसर रोड स्थित राजामठ गेट के पास स्थित बोर का निरीक्षण करते पर बोर का निरीक्षण करने पार्षद पीयूष साहू के साथ भाजपा जन और पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी भी पहुंचे थे। राठी ने बताया कि लगभग 1500 लीटर के टैंकर में ट्रक से पानी बिना किसी के जानकारी के टैंकर ड्राइवर ले जा रहा है। टैंकर में बेमेतरा लिखा हुआ है, रसीद के बारे में पूछे जाने पर टैंकर चालक द्वारा रसीद नहीं कटाने की स्वीकार की गई।

साथ ही पिछले 4 माह से हो रही चोरी पर पालिका उपाध्यक्ष ने कहा कि लोगों को शादी ब्याह और शोक कार्यक्रमों के लिए रुपए जमा कर टैंकर मंगवाना पड़ता है। यहां बेमेतरा के कांग्रेसी ठेकेदार के रसूख के चलते पालिका प्रशासन चोरी पर आंख मूंदे बैठा है। राठी ने इस घटना को गंभीरता से लेकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मामले में नपा के जल प्रभारी दुर्गेश कुंजेकर द्वारा जानकारी दी गई है कि ठेकेदार द्वारा कोई रसीद नहीं कटाई जा रही है।

## ईद के लिए सेवई से महका बाजार, ग्राहकों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

इन दिनो मुस्लिम समाज का पवित्र रमजान का माह चल रहा है और ईद का त्यौहार भी नजदीक है ईद के चलते मैनपुर मे सेवई की मांग बढ़ गई है खासकर सेवईयों, खजूर, सूखे मेवे और नए कपड़ों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ दिखाई देने लगी है शाम होते ही बाजारों में खरीदारी करने वालों की संख्या और बढ़ जाती है, जिससे पूरे इलाके में त्योहार जैसा माहौल बन गया है। मैनपुर नगर मे अनेक प्रकार के सेवई, इत्र एवं कपड़ो की मांग बढ़ गई है।




## बढ़ती गर्मी में गन्ना रस की मांग बढ़ी

**गरियाबंद।** मार्च माह की शुरुआत के साथ ही जिले में दिन और रात के तापमान में तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। गर्मी बढ़ने के साथ ही लोगों को प्यास और थकान अधिक महसूस होने लगी है। ऐसे में लोग खुद को तरोताजा रखने और डिहाइड्रेशन से बचने के लिए शीतल पेय की ओर ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं।

नगर में इन दिनों कई जगहों पर शीतल पेय की अस्थायी दुकानें सज गई हैं। बढ़ते तापमान के बीच सड़क किनारे गन्ना रस की दुकानें भी लोगों को राहत दे रही हैं। गर्मी में गन्ना रस लोगों की पहली पसंद बनता जा रहा है। नगर के गांधी मैदान में बरगद के पेड़ के नीचे लगी अशोक सांकरे की गन्ना रस की दुकान इन दिनों खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां हर समय ताजा और अच्छी गुणवत्ता का गन्ना रस उपलब्ध होने के कारण लोगों की भीड़ लगी रहती है। दुकानदार अशोक सांकरे ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ गन्ना रस की मांग भी बढ़ गई है। दिनभर बड़ी संख्या में लोग गन्ना रस पीने के लिए पहुंच रहे हैं। खास बात यह है कि मात्र 10 रुपये में ताजा गन्ना रस आसानी से मिल रहा है, जिससे आम लोगों को भी राहत मिल रही है। गर्मी के मौसम में प्राकृतिक और ताजगी देने वाला गन्ना रस लोगों को ऊर्जा देने के साथ-साथ गर्मी से राहत भी पहुंचा रहा है, इसलिए नगर में इसकी मांग लगातार बढ़ती जा रही है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्रि की तैयारियां जोरों पर

**मुड़ागांव(कोरासी)।** गरियाबंद जिले के छुरा विकासखण्ड के ग्रामीण क्षेत्र के देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्र की तैयारी जोर-शोर किया जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में जतमई माता,गंगई माता,खोपलीपाट,गहरीन



माता,डूमेश्वरी माता सहित गांव गांव में शीतला माता मंदिरों में तैयारियां की जा रहीं है। वहीं छुरा विकास खण्ड के अंतिम छोर ग्राम पंचायत सोरिद खुर्द से एक किलोमीटर की दूरी पर निर्जन पहाड़ी प्राकृतिक झरना,मनोरम दृश्य शील पर अदृश्य दिव्यस्वरूपी आठवीं शताब्दी के माता रमई पाठ धाम में चैत्र नवरात्र पावन पर्व पर मनोकामना ज्योति कलश स्थापना के लिए के लिए समिति के सदस्यों द्वारा तैयारी किया जा रहा है जहां चैत्र नवरात्र प्रारंभ 19 मार्च दिन गुरुवार से ज्योति प्रज्वलित किया जाना है। जहां प्रत्येक वर्ष कि भांति इस वर्ष भी मनोकामना ज्योति प्रज्वलित किए जाएंगे।

### भाजपा का दीनदयाल प्रशिक्षण कार्यशाला फिंगेश्वर में आज से

**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ भाजपा एवं जिला भाजपा गरियाबंद के निर्देश पर भाजपा मंडल फिंगेश्वर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 14 मार्च शनिवार एवं 15 मार्च रविवार को किया गया है।उक्त कार्यशाला में प्रथम दिन चार एवं दूसरे दिन चार काल खंड मे होगा जिसमें अलग–अलग वक्ताओं द्वारा अलग–अलग विषयों पर जी राम जी सहित अनेक विषयों पर प्रशिक्षण तथा व्याख्यान देंगे। भाजपा नेता रामू राम साहू,भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती मंजू हरित,महामंत्री भुवन लाल साहू एवं प्रेमलाल टोडर कार्यक्रम की तैयारी में लगे हुए हैं।वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कार्यशाला के मंडल प्रभारी रामू राम साहू ने बताया कि भाजपा मंडल फिंगेश्वर के उक्त कार्यशाला में मंडल के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य,शक्ति केंद्र प्रभारी एवं शक्ति केंद्र संयोजक सहित विविध मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी कार्यकर्ता तथा वरिष्ठ नेता गण उक्त कार्यशाला में पूर्णता अपेक्षित है।भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती मंजू हरित एवं महामंत्री भुवन लाल साहू एवं प्रेमलाल टोडर ने सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को ब्राह्मण समाज भवन फिंगेश्वर में 14 मार्च को 10.00 बजे उपस्थिति देने की अपील की है।

### ट्रक की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** नगर के मोतीबाग के सामने ट्रक की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट पर वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि जसपाल शर्मा और अपने पुत्र दीपक शर्मा के साथ करीब 12 बजे रेलवे स्टेशन रोड की ओर से पैदल घर जा रहे थे, तभी मोतीबाग के सामने पीछे से ट्रक क्र सीजी 06 जीसी 1061 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुये जसपाल शर्मा को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे उसके पैरों में चोटें आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है।

# ढोल-नगाड़े के साथ बैलगाड़ियों में निकली बारात, जगह- जगह स्वागत

## ग्रामीण संस्कृति और परंपरा की दिखी झलक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

आधुनिक युग में जहां शादियों में लग्जरी कारों और सजी-धजी बारातों का चलन बढ़ गया है, वहीं शुक्रवार को एक अनोखी और पारंपरिक बारात ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। रावण से परसदा जोशी के लिए दूल्हे राजा की बारात बैलगाड़ियों के काफिले के साथ निकली, जिसे देखने के लिए रास्ते में पड़ने वाले गांवों के लोग बड़ी संख्या में उमड़ पड़े। बैलगाड़ियों से सजी यह पारंपरिक बारात ग्रामीण संस्कृति और परंपरा की झलक पेश कर रही थी। ढोल-नगाड़ों और उत्साह के बीच निकली इस बारात ने लोगों को पुराने समय की याद दिला दी। रास्ते में जगह-जगह ग्रामीणों ने बारात का स्वागत किया और इस अनोखे आयोजन को देखने के लिए लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। बारात की खास बात यह रही कि इसमें क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक रोहित साहू भी शामिल हुए। उन्होंने बारातियों के साथ चलकर दूल्हे को शुभकामनाएं दीं और इस पारंपरिक आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर साहू समाज के अनेक लोग, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीण भी बारात में शामिल हुए। सभी ने मिलकर उत्साह और उल्लास के साथ इस विवाह समारोह का आनंद लिया। ग्रामीणों का कहना था कि आधुनिकता के दौर में भी इस तरह की पारंपरिक बैलगाड़ी बारात हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने का सुंदर प्रयास है। इस अनोखी बारात ने पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनकर लोगों के दिलों में खास जगह बना ली।



### विधायक भी कार से उतर दूल्हे की बैलगाड़ी में हुए सवार

दूल्हे की गाड़ी में पगड़ी पहनकर विधायक रोहित साहू भी अपनी कार से उतरकर सवार हो गए। दूल्हा डोमन अपनी दुल्हनिया टेमेश्वरी को लेकर इसी बैलगाड़ी से सात फेरे लेने के बाद विदाई करा के लौटेंगे।

## निरीक्षण : 7.78 करोड़ की परियोजना से 9 गांवों को मिलेगा स्वच्छ पेयजल

# तेल नदी समूह जल प्रदाय योजना, कलेक्टर एसपी और सीईओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

गरियाबंद कलेक्टर बीएस उइके ने आज देवभोग क्षेत्र में संचालित समूह जल प्रदाय योजना के तहत तेल नदी में बन रहे इन्टेक वेल एवं संपूर्ण परियोजना की प्रगति का स्थल निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि यह बहुप्रतीक्षित योजना क्षेत्र के ग्रामीणों को स्वच्छ एवं निरंतर शुध्द पेयजल उपलब्ध कराने के लिए बनाई जा रही है। निरीक्षण के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ ने बताया कि तेल नदी में बनाए जा रहे इन्टेक वेल के माध्यम से पानी सुपेबेड़ा स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट तक बड़ी पाइपलाइन के जरिए पहुँचाया जाएगा।

■ कलेक्टर ने 31 मार्च तक कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

इस जल प्रदाय योजना की कुल लागत 7 करोड़ 78 लाख रुपये है। योजना पूर्ण होने पर सुपेबेड़ा और आसपास के 09 गांवों के ग्रामीणों को स्वच्छ, शुद्ध तथा पर्याप्त मात्रा में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे वर्षों से चली आ रही जल समस्या का स्थायी समाधान मिल सकेगा। वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में फिल्टर, क्लोरीनेशन सिस्टम, पम्पिंग यूनिट, बैकवॉश सुविधा सहित सभी आवश्यक घटकों को स्थापित किया जा रहा है। बताया गया कि उपकरणों की फिटिंग कार्य चल रहा है तथा तकनीकी परीक्षण शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। कलेक्टर श्री उइके ने निर्माण स्थल पर मिट्टी भराई, बेसमेंट निर्माण की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के अनुसार ही संपन्न हों, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीणों की जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण सुविधा है, इसलिए कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरते।





### प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट भेजें

इस दौरान पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी तथा संबंधित तकनीकी कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों से प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने और कार्य की गति को और तेज करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री उइके ने निर्माण एजेंसी को 31 मार्च तक सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि गर्मी के मौसम से पहले ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि जल प्रदाय योजना के पूर्ण होने से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा।

# 7 दिनों में ड्रंक एंड ड्राइव के 43 प्रकरण दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

जिले में सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गरियाबंद पुलिस ने पिछले एक सप्ताह के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। अभियान के तहत कुल 43 मामलों में 'ड्रंक एंड ड्राइव' के प्रकरण दर्ज कर न्यायालयीन कार्रवाई की गई है।

पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के निर्देशन में जिलेभर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर वाहन चेकिंग कर शराब के नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई और अर्थदंड भी लगाया गया।

इसके अलावा पुलिस ने मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने के मामलों पर भी सख्ती दिखाई। ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें यातायात नियमों की जानकारी देकर समझाइश भी दी गई।

पुलिस का कहना है कि मालवाहक वाहनों में सवारी बैठाकर यात्रा करना न केवल नियमों के खिलाफ है, बल्कि इससे गंभीर सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है।

पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं और मालवाहक वाहनों का उपयोग सवारी ढोने के लिए न करें। पुलिस का यह विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

अगर आप चाहें तो मैं इस खबर के लिए हरिभूमि स्टाइल की 5–6 दमदार हेडलाइन भी बना सकता हूँ, जो अखबार में ज्यादा आकर्षक लगती हैं।

# रसेला स्कूल में 8वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई और शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला



माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला रसेला में संयुक्त रूप से कक्षा आठवीं के छात्रों को दी गई भावपूर्ण विदाई। यह समारोह भावनाओं और यादों से भरा होता है, जहां छात्र आगे के जीवन के लिए प्रेरित होते हैं। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपसरपंच परमेश्वर यादव, अध्यक्षता अंजली कुंजाम शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष, विशेष अतिथि के रूप में प्रधानपाठक मुरलीधर विशाल, धनेश्वर दास, कुन्ती विश्वकर्मा, ईतवारू विश्वकर्मा, देवनारायण साहू शिक्षक, संजीव कुमार सिन्हा, अशोक कुमार ठाकुर शिक्षक,हृदय राम कुंजाम, जयश्री साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुभारंभ मां सरस्वती की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर एवं पूजा अर्चना के साथ की गई। सातवीं और छठवीं के छात्रों का कहना था कि विद्यालय में तीन वर्ष एक साथ पढ़ते पढ़ते परिवार सा माहौल हो गया था। अब सब बच्चे अलग-अलग विद्यालयों में पढ़ने चले जाएंगे। बच्चों ने इस मौके पर सांस्कृतिक और अपने अपने एक चिट के माध्यम से जो चिट मे लिखा होता था वैसी उसको अभिनय करना पड़ता था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपसरपंच परमेश्वर यादव ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देते हैं। उन्होंने छात्रों को लगन और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस कड़ी शाला समिति के अध्यक्ष अंजलि कुंजाम ने छात्रों को वार्षिक परीक्षा में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने और लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानपाठक मुरलीधर विशाल ने कहा कि छात्राओं को जीवन में अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास के महत्व के बारे में बताते हुए उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। आगे कहा यह विदाई अंत नहीं बल्कि एक नई शुरुआत है, जहां से छात्राएं अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ेगी। विद्यालय परिसर को रंग बिरंगी झंडियों, गुब्बारों और आकर्षक रंगोली से सजाया गया था। कार्यक्रम के अंत में आठवीं के सभी छात्र छात्राओं को भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने कक्षा 8 वीं की छात्राओं को आगे की पढ़ाई और जीवन में निरंतर सफलता प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी तथा उनसे विद्यालय का नाम रोशन करने की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक देवनारायण साहू ने की।

### साहू समाज का वार्षिक सम्मेलन कल होगा

**छुईहा बेलर।** साहू समाज परिक्षेत्र बेलर का वार्षिक सम्मेलन ग्राम खुड़सा में आयोजित किया गया है। अध्यक्ष हरिराम साहू, सचिव ओमप्रकाश साहू ने कहा कि



कार्यक्रम के तहत मां कर्मा महाआरती, वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह रविवार को स्थान - खुड़सा ( परसदाकला) में रखा गया है। सुबह 10 बजे कलश यात्रा,12 अतिथि आगमन, मध्यान्ह में सामुहिक भोजन प्रसादी, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोकरंग छत्तीसगढ़ी पंडवानी का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त आयोजन में मुख्यातिथि राजिम विधायक रोहित साहू, चंदूलाल साहू अध्यक्ष छ.ग. जी. भंडार गृह निगम, चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद महासमुंद लोक सभा,भुनेश्वर साहू (पूर्व उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ), प्रवीण साहू (अध्यक्ष जिला साहू संघ गरियाबंद) लालाराम साहू (अध्यक्ष भक्तिन माता मंदिर समिति राजिम) खोमन साहू (अध्यक्ष तहसील साहू संघ फिंगेश्वर होंगे।

# किसानों के खातों में पहुंची पीएम किसान सम्मान निधि

## मैनपुर में कार्यक्रम आयोजित कर सीधा प्रसारण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी कर दी है जिसके तहत 9.32 करोड़ से अधिक पात्र किसानो के खातो मे 2 हजार की राशि हस्तांतरित की गई है यह योजना छोटे और सीमांत किसानो के खेती के लिए हर साल सहायता प्रदान करती है। आज इस कार्यक्रम के सीधा प्रसारण के लिए जनपद पंचायत मैनपुर मे कृशि विभाग द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से पूरा लाइव प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि भाजपा के मंडल अध्यक्ष संतोश यादव, वि"ाश अतिथि के रूप मे महामंत्री दिनेश सचदेव, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज निर्मलकर उपस्थित थे। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोश यादव ने कहा केन्द्र के नरेन्द्र मोदी सरकार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत आज किसानो के खाते मे 22वीं किस्त जारी किया है केन्द्र और राज्य के भाजपा सरकार को किसान, मजदुर, आम जनता सभी वर्गो के विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे देश तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। भाजपा महामंत्री दिनेश सचदेव ने कहा भारतीय जनता पार्टी की छत्तीसगढ़ सरकार ने होली पर्व से पूर्व प्रदेश के लाखो किसानो को धान विक्रय मूल्य की अंतर राशि एक साथ और एकमुस्त भुगतान किया है प्रदेश सरकार किसानो के हित लगातार ऐतिहासिक कदम उठा रही है। इस मौके पर प्रमुख रूप से किसान थानुराम पटेल, रामरतन पटेल, रामजी साहू, मोहन कुशवाहा, लालाराम पटेल, गोविदं पटेल, वरिष्ठ कृशि विकास अधिकारी जी के ठाकुर, श्रीमति पदमा ध्रुव, शशिकांत पटेल, अभिशेक साहू, रितेश साहू, चंद्रकला नेताम, जीवन मरकाम, प्रकाश पटेल, कोमल साहू सहित बड़ी संख्या मे किसान उपस्थित थे।

## विधायक रोहित साहू के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने देखी विधानसभा की कार्यवाही

# फिंगेश्वर कालेज के छात्रों ने विस का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर



फणीकेश्वरनाथ महाविद्यालय,फिंगेश्वर के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकगणों को छत्तीसगढ़ विधानसभा की कार्यवाही को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर प्राप्त हुआ।यह शैक्षणिक भ्रमण राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार सम्पन्न हुआ,जिससे विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं शासन प्रणाली को नजदीक से समझने का अवसर मिला।

इस दौरान विद्यार्थियों को विधानसभा परिसर का भ्रमण कराया गया,जहां उन्होंने विधानसभा की कार्यवाही को प्रत्यक्ष रूप से देखा और जनप्रतिनिधियों द्वारा जनता से जुड़े विषयों पर होने वाली चर्चा एवं निर्णय प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की।इसके साथ ही विद्यार्थियों को मंत्रलय महानदी भवन एवं संचालकालय भवन का भी भ्रमण कराया गया, जहां उन्हें शासन–प्रशासन की विभिन्न व्यवस्थाओं और कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों की मुलाकात उप मुख्यमंत्री अरुण साव,भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, म मंत्री भूलन सिंह मरकाम,विधायक तुले"वर हीरासिंह मरकाम एवं विधायक राजकुमार टोप्पो से भी करवाई गई।सभी जनप्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें लोकतांत्रिक मूल्यों को समझने तथा समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।यह शैक्षणिक भ्रमण राजू साहू, अध्यक्ष जनभागीदारी समिति फणीकेश्वरनाथ महाविद्यालय फिंगेश्वर के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर राजू साहू ने कहा कि यह भ्रमण हमारे विधायक रोहित साहू की सहजता, सरलता और शिक्षा के प्रति उनकी सकारात्मक सोच को दर्शाता है।उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को विधानसभा की कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से देखने और सीखने का महत्वपूर्ण अवसर मिला,जो उनके ज्ञान और जागरूकता को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।इस अवसर के लिए सभी विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकगणों ने विधायक रोहित साहू के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सियाराम ध्रुव (जिला अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा) एवं डिगेश साहू (युवा मोर्चा) सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।

